तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 18 मई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 गाजर नाला का एनीकट सूखा, पीएचई की जल आवर्धन योजना अब तक नहीं हुई पूरी




## खबर संक्षेप

### नगरीय निकाय में प्रत्यक्ष चुनाव की उठने लगी मांग

**कोरबा।** लोक सभा चुनाव के बाद अब नगरीय निकायों के चुनाव की बारी है। राज्य के पूर्व सरकार ने नगरीय निकायों में अध्यक्ष का चुनाव सीधे न करा कर अप्रत्यक्ष रूप से कराया था, राज्य में सत्ता बदलने के बाद यह कयास लगाए जा रहे हैं कि भाजपा निकायों के चुनाव में अध्यक्ष और महापौर पद के लिए भी सीधा चुनाव करा सकती है। नगर के लोग भी चाहते हैं कि अध्यक्ष महापौर प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली से चुने जाने चाहिए, इससे पार्षदों का दबदबा अध्यक्ष पर कम रहेगा। प्रदेश में राजनीतिक घटनाक्रम के बाद इस पर चर्चा शुरू हो गई है। आम जनता का मानना है कि अगर निकाय चुनाव में जनता को सीधा अध्यक्ष चुनने का मौका मिलेगा तो मतदाताओं को निकाय में पार्षद व अध्यक्ष के लिए अलग अलग 2 वोट डालने का अधिकार मिलेगा। अध्यक्ष का सीधा चुनाव होता है, तभी चुनाव जैसा लगता है, लेकिन जब पार्षद निकाय के अध्यक्ष चुनते हैं तो आम नागरिकों में उत्साह नहीं रहता। आम जनता का कहना है कि निकायों के अध्यक्ष का चुनाव जनता द्वारा होना चाहिए। नगरीय निकाय के अध्यक्ष का चुनाव मतदाता के बीच होना चाहिए। जो अध्यक्ष बने वह आम नागरिक को साथ लेकर चले और नागरिकों के मत से चुना जाना चाहिए।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 20 से

**कोरबा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग और जिले में संचालित खेल संघों के सहयोग से 21 दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिले के विभिन्न खेल मैदानों में 20 मई से 9 जून 24 तक किया जायेगा। प्रशिक्षण शिविर हेतु चयनित स्थलों में हॉकी खेल डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम, बाल्को में कोच गोपाल दास महंत, द्वारा, व्हॉलीबॉल खेल एसईसीएल कोरबा में सुशील गर्ग, एवं शा.उ.मा.वि. कटघोरा सुमित सिंह, द्वारा, फुटबॉल खेल बांकीमोगरा, संजय विश्वास, एवं दोंदरो में शिवम सिंह, द्वारा, किक बाक्सिंग खेल सीएमए अकेडमी, डीडीएम रोड कोरबा एवं एसईसीएल कोरबा में तारकेश मिश्रा द्वारा, ताईक्वांडो खेल एनटीपीसी खेल मैदान एसीबी दर्री सीएमए अकेडमी डीडीएम रोड में अनिल द्विवेदी एवं लोकेश राठौर द्वारा, तीरंदाजी खेल एसईसीएल खेल मैदान में सेद कुमार यादव द्वारा, खो-खो खेल विद्युत गृह, शंकर सुवन गोपाल शामा शाला चैनपुर करतला में पी.मिंज द्वारा, कबडडी खेल डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम, बाल्को रविदास मानिकपुरी द्वारा, टेबल टेनिस खेल सामुदायिक भवन आदर्श नगर कुसमुण्डा में सुरेश जायसवाल द्वारा, जूडो-म्यूथाई कलरिपयतु खेल आदर्श नगर कुसमुण्डा एवं सेंट थोमस पब्लिक स्कूल दीपका में कमलेश देवांगन द्वारा, ड्रैगन मार्शल आर्ट अजीत शर्मा द्वारा बेसबॉल सुश्री नेहा जायसवाल द्वारा, क्रिकेट, एसईसी एल शाउ मा वि कटघोरा एवं शाउमावि सिंघिया, पोंड़ी उपरोड़ा में, विशाल दुबे द्वारा, मलखम्भ एवं रग्बी खेल आईटीआई मैदान पाली में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### आत्मानंद विद्यालय गोपालपुर में प्रवेश हेतु निकाली गई लॉटरी

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय अंग्रेजी, हिंदी विद्यालय गोपालपुर में सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु 16 मई को शासन के निर्देशानुसार विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश हेतु लाटरी के माध्यम से चयन किया गया।चयन की प्रक्रिया में कक्षा 1 के 50 सीट, कक्षा-2 के-4, कक्षा-3 के 1 सीट, कक्षा-5 के 2 सीट, कक्षा-8 के 1 सीट, कक्षा-9 के 4 सीटों के लिए प्राचार्या श्रीमती सीमा भारद्वाज की अध्यक्षता में प्रवेश समिति एवं अभिभावकों की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से किया गया। चयनित विद्यार्थियों को 21 मई को अनिवार्य रूप से प्रवेश लेने हेतु कहा गया है।

# हरदीबाजार की जीवनदायिनी नदी लीलागर की थमी धारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

अलग खबर

हरदीबाजार क्षेत्र की जीवन दायिनी लीलागर नदी की धारा पूरी तरह से सूख गई। नदी में इतना पानी नहीं रहा कि नदी में निस्तारी करने के लिए हो, लीलागर नदी खल्लारी डेम के नीचे एक छोटे से झिरिया से निकली है, जो धीरे-धीरेआगे बढ़ते हुए अन्य सहायक नाला, नदी मिलकर आगे विशाल रुप लेकर महानदी में मिलती है, जो नोनबिर्रा, रेंकी, हरदीबाजार, बम्हनीकोना, मुड़ापार, धतुरा, नेवासा, जोरहाडबरी, उतरदा, सिरली होकर जांजगीर जिला में प्रवेश करती है। जहां से नदी बहुत चौड़ी और हमेशा पानी रहता है, यह स्थान रेंकी पुल के नीचे की है, जहां प्रत्येक वर्ष बारिश के दिनों में लीलागर नदी का पानी पुल से 3-4 फ़ीट ऊपर बहता है, जो गर्मी में पूरी तरह सुख चुकी है कि अब उसमें बहने व क्षेत्र के लोगों, जीव जंतुओं की पियासी बूझाने के लिए पानी नहीं है। इसका मुख्य गुनहगार दीपका कोयला खदान है, जिसने क्षेत्र के बड़े डेम, छोटे-छोटे नाले, अनेकों तालाब जिसमें हमेशा पानी के स्त्रोत कालांतर में हुआ करते थे, जो अब दीपका की खुली खदान में समा चुके हैं। एक तरफ सरकार विकास के लिए जल, जंगल, जमीन का दोहन कर रहा है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के लिए अभीशाप बना हुआ है। क्षेत्र का जल स्तर इस वर्ष 50-60 फीट नीचे जा चुका है। आने वाले समय में यह स्थिति और विकराल होगी, लेकिन एसईसीएल दीपका प्रबंधन ने और ना ही जिला प्रशासन इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया है। क्षेत्र में एक घना आबादी निवास करती है जिसे पानी की समस्या न हो केवल पीने के लिए पानी का टैंकर मुख्य-मुख्य जगह देकर अपनी-अपनी खानापूर्ति कर लें रहे हैं। आने वाले वर्षों में स्थाई हल निकालने की अत्यंत आवश्यकता है, क्योंकि दीपका खदान के सामने हरदीबाजार की एक बहुत बड़ी आबादी बस्ती निवासी करती है, जहां एक पूरा जीवन बसता है।

### निस्तारी के लिए नहीं मिल रहा पानी

**खास बातें**

- डभरी में बदल गई लीलागर नदी
- गर्मी के दौरान नदी में जलस्तर हो जाता है कम



#### एक दर्जन से अधिक रेतघाट जिले में हो रहे हैं संचालित

# शहर में एक तो वनांचल क्षेत्र में दो रेत घाट की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नई सरकार आने के बाद से जिले बंद पड़े रेतघाटों पर खुलने का सिलसिला शुरू होने के साथ ही नए और रेतघाट खुलने लगे हैं। तीन नए रेतघाट चालू करने के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति मिल चुकी है। आचार संहिता हटते ही शहर में एक तो ग्रामीण में दो घाट शुरु हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले एक वर्षों से जिले के ज्यादातर रेतघाट बंद पड़े हुए थे। इन रेत घाटों को पर्यावरणीय स्वीकृति नहीं मिल रही थी। जिसके चलते रेत के लिए लोगों को रेत तस्करों को मोटी रकम चुकानी पड़ रही थी। सरकार बदलते ही अब आम लोगों को रेत आसानी से मुहैय्या हो सके इसके लिए लगातार रेत घाटों की स्वीकृति मिल रही है। पहले ही जिले में कुल 10 रेतघाट चल रहे थे तो वहीं दूसरी ओर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में और नए रेत घाट मिल सके इसके लिए प्रमोद कुमार द्वारा दस्तावेजी खाखा का प्रस्ताव बनाकर पर्यावरण स्वीकृति के लिए भेजा गया था जहां से 3 रेतघाट की स्वीकृति फिर से मिल गई है। खनिज उपसंचालक प्रमोद कुमार के मुताबिक इन तीनों घाटों को पर्यावरणीय स्वीकृति मिल चुकी है जिसमें शहर के भीतर सबसे महत्वपूर्ण घाट चारपारा कोहड़िया है इसी तरह करतला ब्लाक के अंतर्गत आन वाले गितारी मोहरा व कुदमुरा शामिल है। बताया जाता है कि आचार संहिता समाप्त होते ही इन तीनों रेत घाटों से रेत निकासी शुरु हो जाएगी। जिससे आम लोगों को आसानी से रेत मुहैय्या हो सकेगी। खासतौर पर चारपारा कोहड़िया के शुरु हो जाने से शहरवासियों को सबसे ज्यादा रेत आसानी से मिलेगी।



फाइल फोटो

### इन गांवों में खुलेगा रेत घाट


बताया जाता है कि जिले में लगभग एक दर्जन से अधिक रेत घाट का संचालन शुरु हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर लगभग 9 से अधिक रेत घाट को चालू करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। जिसमें कुदमुरा-2, कसरेंगा, पोड़ी, बैरा, बगदर, चिचोली, बांगो कछार, धनगांव-2, कठबितला, झोरा शामिल हैं। आने वाले कुछ महीनों में यदि इन घाटों की स्वीकृति मिलती है तो जिले में 2 दर्जन से अधिक घाट चालू हो जाएंगे जिससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रेत की समस्या लगभग ना के बराबर हो जाएगी।

### 10 जून से बंद हो जाएंगे सभी रेतघाट

15 जून से वर्षा ऋतु का काल माना जाता है। वर्षा ऋतु के दौरान नदी नालों और रेत घाटों से रेत निकासी पर पूरी तरह से प्रतिबंध होता है। बताया जाता है कि खनिज विभाग द्वारा इस वर्ष 10 जून से सभी रेतघाटों को 15 अक्टूबर तक के लिए बंद कर दिया जाएगा। वर्षा ऋतु के दौरान किसी भी रेत घाट में रेत निकासी पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। यदि इस दौरान रेत निकालते पाए गए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि रेत के लिए वर्षा ऋतु के दौरान लोगों को खासी समस्या होती है और इस दौरान रेत तस्करों की मौज हो जाती है और विभाग की आंखों में धूल झोंककर घाटों में घुसकर रात के अंधेरे में बड़े पैमाने पर रेत चोरी कर रेत तस्कर मोटा माल मुनाफा कमाते हैं। हालांकि विभाग का दावा है कि तस्करों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## तेंदुए का अंगों को बरामद करने वन विभाग ने की इनाम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज के अंतर्गत आने वाले राहा बीट में तेंदुए के शिकार के मामले में भले ही तीन ग्रामीणों को वन विभाग में पकड़ने में सफलता हासिल कर ली है लेकिन तेंदुए के महत्वपूर्ण अंगों को काटकर भागने वालों का अब तक सुराग नहीं मिल पाया है। अब वन विभाग की टीम इन तस्करों के बारे में बताने वाले लोगों को इनाम देने की घोषणा की है। बताया जाता है कि अब विभाग इनाम के बलबूते पर ही आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास में जुटी हुई है।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज के राहा बीट में दो दिनों पूर्व एक तेंदुए का शिकार किया गया था। शिकारी तेंदुए की खाल, नाखून, पूंछ सहित अन्य अंगों को काट कर ले भागे थे। वारदात के बाद वन अमले की टीम हरकत में आई थी और घटना के दूसरे दिन डॉग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची थी जहां डॉग स्क्वाड की टीम के सुराग के आधार पर वन विभाग की टीम ने पिता पुत्र सहित कुल तीन लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया था लेकिन तीनों आरोपियों के कब्जे से वन अमले की टीम ने किसी तरह का तेंदुए की खाल, नाखून या किसी तरह का अंग बरामद करने में सफलता हासिल नहीं की थी। अब विभाग की टीम इस मामले में अन्य और तस्करों का हाथ होने की संभावना जता रही है। अब वन विभाग की टीम तेंदुए के खाल, नाखून सहित अन्य अंगों व तस्करों का सुराग बताने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखकर 10 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है। अब देखना होगा कि वन विभाग की टीम को सूचना कब तक मिलती है और तेंदुए के अंगों की तस्करी करने वाले तस्करों की गिरफ्तारी कब तक हो पाती है।

**खास बात**

- कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज में तेंदुए के शिकार का मामला

## विद्युत की लचर व्यवस्था से ग्रामीण हो रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

विद्युत वितरण केंद्र हरदीबाजार एक समय था जब हरदीबाजार विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत 53 गांव आते थे। समय व जरुरत के हिसाब से बोईदा, भिलाईबाजार मुढियानार में सब स्टेशन बन चुके हैं, लेकिन आज भी समस्या जस के तस बनी हुई है। ऐसा नहीं है कि हरदीबाजार विद्युत वितरण केंद्र में जेई, कर्मचारी नहीं है किंतु उपभोक्ताओं का भी शिकायत है कि यहां लम्बे समय से पदस्थ जेई सलोमी टोप्पो किसी समस्या को गंभीरता से नहीं लेती न बिजली बिल की समस्या न मीटर की समस्या न ही बार बार हर रोज कट हो रही। इस भीषण गर्मी में बिजली गुल की समस्या ऐसा प्रतीत होता है कि यहां कोई जिम्मेदार अधिकारी ही नहीं हैं, जो इन समस्याओं का निराकरण कर सके। पूर्व में पदस्थ शब्बीर साहू जो हरदीबाजार के जेई थे वे स्वयं फिल्ड में जाकर कर्मचारियों के साथ क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने में लगे रहते थे। वहीं हरदीबाजार में वर्तमान पदस्थ जेई सलोमी टोप्पो केवल कर्मचारियों के भरोसे रहती हैं ऐसे में क्षेत्र की समस्या का समाधान कैसे होगा। वहीं भीषण व उमस भरी गर्मी मई का महीना आगे जून कैसे गुजरेगी समझ से परे है। विभाग को चाहिए कि क्षेत्र में कर्मचारियों के साथ मिलकर लोगों की समस्या को दूर करें। ऐसे कर्त्तव्य निष्ठ अधिकारी को हरदीबाजार विद्युत वितरण केंद्र में पदस्थ करें, ताकि बिजली की समस्या दूर हो सके।

## अलग-अलग हादसे में दो युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

जिले में अलग अलग थाना क्षेत्रों में दो अलग अलग हादसों में दो युवकों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले चालकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

हरदीबाजार थाना अंतर्गत ग्राम नेवसा का रेलवे ओवरब्रिज से शुक्रवार की दोपहर लगभग 1 बजे एक युवक अपने बाईक क्रमांक सीजी 12 बी एफ 8190 में सवार होकर उतरदा की ओर से हरदीबाजार जा रहा था कि नेवासा के पास एनटीपीसी का कोयला ढुलाई के लिए बनाया ओवरब्रिज से बाईक समेत युवक 20-25 फीट नीचे गिर गया जिसकी सूचना डायल 112 को देने पर युवक को उठाकर हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। जिसकी पहचान राजकुमार आर्मो के रुप में की गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इसी तरह दूसरी घटना बांगो थाना क्षेत्र के लमना के समय घटित हुई है। जानकारी के अनुसार मूलतः प्रतापपुर निवासी शिवनारायण गुप्ता 38 वर्ष पिता हरि लाल गुप्ता अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर कोरबा से गुरुवार की सुबह प्रतापपुर जा रहा था कि लमना के समीप पहुंचा था कि गैस सिलेंडर से भरी एक ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही शिवनारायण गुप्ता की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बांगो पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दुर्घटना को अंजाम देने वाले गैस सिलेंडर से भरी ट्रक को जप्त कर लिया है पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



पुल के नीचे गिरा मोटर सायकल।

## ईएसी कोल कमेटी ने ब्लास्ट-फ्री तकनीक से कोयला खनन का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ईएसी कोल कमेटी पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार ने गेवरा मेगा परियोजना का दौरा किया। टीम ने ब्लास्ट-फ्री तकनीक से कोयला खनन का जायजा लिया। पौधरोपण सहित अन्य पर्यावरणीय पहलुओं की समीक्षा की। एसईसीएल दौरे के दूसरे दिन ईएसी कमेटी पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सदस्यों डॉ शरद सिंह नेगी, आईएफ़एस, चेयरमैन, ईएसी, प्रोफ. श्याम शंकर सिंह, सदस्य, ईएसी एवं अमित वशिष्ठ, सदस्य सचिव, ईएसी द्वारा एसईसीएल की गेवरा मेगापरियोजना का दौरा किया गया। कमेटी के सदस्यों ने सबसे पहले व्यू-पॉइंट से खदान की खनन गतिविधियों का जायजा लिया। खदान में उतरकर सदस्यों द्वारा ब्लास्ट-फ्री रिपर तकनीक से ओबी निष्कासन की प्रक्रिया देखी साथ ही सरफेस माइनर की मदद से पर्यावरण-हितैषी रूप से कोयला खनन देखा एवं सराहना की। दौरे के दौरान कमेटी के सदस्यों ने एसईसीएल में पहली बार मियावाकी पद्धति से हो रहे पौधरोपण कार्य की जानकारी ली साथ ही गेवरा क्षेत्र की नर्सरी एवं पर्यावरण लैब का भी भ्रमण किया। दौरे के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसके मोहंती एवं मुख्यालय से बीके जेना महाप्रबंधक विभागाध्यक्ष, सदस्यों के साथ रहे।

**खास बात**

- पौधरोपण सहित अन्य पर्यावरणीय पहलुओं की समीक्षा


#### विश्व विद्यालय ने की शोध केन्द्र की स्थापना

# कमला नेहरु कॉलेज में रिसर्च कर सकेंगे ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा कमला नेहरु महाविद्यालय कोरबा में ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान क्षेत्र के अंतर्गत शोध केंद्र की स्थापना हुई है। इस रिसर्च सेंटर में दाखिला लेकर अटल विश्वविद्यालय अंतर्गत ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान के विद्यार्थी शोध कार्य कर सकेंगे।

पुस्तकालय और सूचना विज्ञान मूलतः अध्ययन के दो परस्पर जुड़े हुए क्षेत्र हैं, जो आम तौर पर सूचना के संगठन, पहुंच, संग्रह और विनियमन से संबंधित हैं। फिर चाहे वह भौतिक हो या डिजिटल रूप में हो प्रस्तुत किया जाए। अब विज्ञान के इस आधुनिक क्षेत्र में शोध एवं अनुसंधान की रुचि रखने वाले कोरबा समेत अटल विश्वविद्यालय के अंतर्गत विद्यार्थी कमला नेहरु महाविद्यालय से शोध कार्य कर सकेंगे। इसके अलावा महाविद्यालय में शिक्षा विज्ञान एवं प्राणीशास्त्र विभाग में शोध केंद्र की स्थापना का भी प्रयास किया जा रहा है। महाविद्यालय में हिंदी विभाग से डॉ अर्चना सिंह, ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान में डॉ प्रशांत बोपापुरकर, प्राणीशास्त्र विभाग से डॉ सुनीरा वर्मा व शिक्षा विभाग में डॉ अब्दुल सत्तार विश्वविद्यालय में मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहे हैं और उनके अंतर्गत शोधार्थी रजिस्टर्ड हैं। कमला नेहरु महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा के मार्गदर्शन में संस्था ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान में शोध केंद्र के रुप में यह सौगात प्राप्त हुई है। इस सफलता पर प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर, समिति के पदाधिकारी व सदस्य, प्राध्यापकगण एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।



### लाइब्रेरी साइंस में एकमात्र शोध केंद्र 6 शोधार्थी का होगा प्रवेश

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर अंतर्गत कमला नेहरु महाविद्यालय में ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान के एकमात्र रिसर्च सेंटर है। विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार यहां इस सत्र कुल 6 शोधार्थियों का प्रवेश होना है। उल्लेखनीय होगा कि महाविद्यालय में पूर्व से ही ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक (बीलिब एंड आइएससी) और स्नातकोत्तर (एमलिब एंड आइएससी) पर एकवर्षीय पाठ्यक्रम का संचालन सुचारु रुप से किया जा रहा है।

### असंतुष्ट बोर्ड छात्रों की परीक्षा का आयोजन 15 जुलाई से

**कोरबा।** सीबीएसई बोर्ड ने 10वीं में 1.32 लाख और 12वीं में 1.22 लाख विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री परीक्षा की श्रेणी में रखा है। जो छात्र अपने सीबीएसई 10वीं, 12वीं रिजल्ट से असंतुष्ट है, वे सीबीएसई सप्लीमेंट्री परीक्षा 2024 के लिए आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा का आयोजन 15 जुलाई से किया जाएगा। 12वीं के छात्र एक विषय और 10वीं के छात्र दो विषय में परीक्षा दे सकेंगे। 12वीं कक्षा के विद्यार्थी को एक विषय में पूरक परीक्षा के जरिए अपने मार्क्स में सुधार करने का मौका दिया जाएगा। 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दो विषयों में यह मौका मिलेगा। तीन श्रेणियों के छात्र पूरक परीक्षा देने की अर्हता रखते हैं। पहली श्रेणी में 10वीं कक्षा के वे छात्र हैं।

# ऐश्वर्या का 'कॉन फेस्टिवल' में हुआ भव्य स्वागत

एजेंसी ▶▶| पेरिस

*77 वें कान फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री ऐश्वर्या राय भी हिस्सा ले रही हैं। वे बेटी आराध्या के साथ फेस्टिवल में शिरकत करने पहुंची है। जब अभिनेत्री कांस पहुंची तो वहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। उनके भव्य स्वागत की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।*

सामने आई तस्वीर में देखा जा सकता है कि गुलदस्ते के साथ उनका स्वागत किया गया। फैंस का प्यार देखकर ऐश्वर्या के चेहरे पर भी मुस्कान तैर आई। ऐश्वर्या राय कई बार कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा ले चुकी हैं। पहली बार उन्होंने वर्ष 2002 में कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू किया था। इस बार भी वे फेस्टिवल में चार चांद लगाएंगी। ऐश्वर्या और उनकी बेटी आराध्या बच्चन को 16 मई को फ्रांस के कान्स में होटल मार्टिनेज में स्पॉट किया गया।

ब्लैक और ब्लू कलर के आउटफिट में ऐश्वर्या काफी स्टाइलिश लग रही हैं। उन्होंने भी हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन किया। ऐश्वर्या राय की बेटी आराध्या ब्लैक पैंड और स्वीटशर्ट में नजर आई। बीती रात ऐश्वर्या राय और आराध्या बच्चन फेस्टिवल में हिस्सा लेने के लिए मुंबई से रवाना हुए। उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। लेकिन, ऐश्वर्या की तस्वीरों ने फैंस की चिंता बढ़ा दी। उनके हाथ में चोट लगी है। वे चोटिल हाथ के साथ फेस्टिवल में शामिल होने पहुंची हैं। फेस्टिवल के रेड कार्पेट में ऐश्वर्या जलवा दिखाती नजर आएंगी। ऐश्वर्या राय कान वर्ष 2003 में कान फिल्म फेस्टिवल की जूरी में भी शामिल हो चुकी हैं।







## आन्या -क्रिस ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा

फ्रांस में आयोजित 77वें कान फिल्म फेस्टिवल खूब सुर्खियों में छाया हुआ है। पूरी दुनिया के सिने प्रेमियों को कान फिल्म फेस्टिवल का बेसब्री से इंतजार रहता है। 14 मई को बड़ी धूमधाम और ग्लैमर के साथ कान फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन हुआ। इस दौरान हॉलीवुड के कई कलाकार 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' के प्रीमियर के लिए इकट्ठा हुए। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले सितारों में आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की जोड़ी भी दिखाई दी। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट की शोभा बढ़ाने के लिए आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की एंट्री ने सबका ध्यान खींच लिया। दोनों के फैशन ने फिल्म के प्रीमियर में चार चांद लगा दिए। जॉर्ज मिलर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2015 की मैड मैक्स फ्रेंचाइजी की पांचवीं फिल्म फ्यूरियोसा 2015 की ऑस्कर विजेता हिट 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड' पर आधारित है। पिछली फिल्म में इम्पीरेटर फ्यूरियोसा के रूप में चार्लीज थेरॉन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। नई फिल्म फ्यूरियोसा यानी आन्या टेलर जॉय पर केंद्रित है, जिसे उनके बचपन में वारलॉर्ड डिमेंटस यानी क्रिस हेम्सवर्थ द्वारा अपहरण कर लिया गया था और वे कई माताओं के ग्रीन प्लेस में अपने घर वापस जाने का रास्ता खोजने के लिए खुद को तैयार करती हैं।

### हॉलीवुड मसाला



## डाइटिंग कल्चर को दिया था बढ़ावा

**लॉस एंजिलिस।** ओपरा विन्फ्रे हॉलीवुड की मशहूर हस्तियों में से एक हस्ती हैं। पूरी दुनिया में उनके करोड़ों चाहने वाले हैं। वे जो भी करती हैं उनके फॉलोवर्स उनकी बात को ध्यान से सुनते हैं और मानते भी हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान ओपरा विन्फ्रे माफी मांगती नजर आईं। इन दिनों डाइटिंग-कल्चर को लेकर पूरी दुनिया में बहस चल रहा है। लोग स्वस्थ जीवन और वजन को लेकर काफी सजग हो रहे हैं। पिछले दिनों एक कार्यक्रम के दौरान ओपरा विन्फ्रे ने कहा, 'मुझे ऐसा लगता है कि मैंने डाइटिंग-कल्चर को बढ़ावा दिया है। मैं इसके लिए शर्मिंदा हूं।




## 'सिंगर की पत्नी' का टैग दिए जाने से नाराज हैं सोफी

**लॉस एंजिलिस।** पॉपुलर सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की जानी मानी एक्ट्रेस सोफी टर्नर पिछले कुछ वक्त से चर्चा में हैं।एक्ट्रेस सोफी टर्नर ने सिंगर जो जोनस के साथ अपने तलाक के बारे में बात की है।इसके अलावा उन्होंने प्रियंका चौपड़ा, निक जोनस और जोनस फैमिली के साथ अपने रिश्तों के बारे में भी खुलकर बताया। सोफी का कहना है कि जो संग अपनी शादी के दौरान उन्हें इस बात से नफरत थी कि उन्हें और बाकी दो जोनस ब्रदर्स निक और केविन की पत्नियों को, सिर्फ पॉपुलर सिंगर की पत्नियां बुलाया जाता था। सोफी टर्नर ने कहा, 'तीनों भाइयों और उनकी पत्नियों पर काफी ध्यान दिया जाता था। हमें हमेशा उनकी पत्नियां कहा जाता था और मुझे इस बात से बेहद नफरत थी यह प्लस वन वाली फीलिंग थी'. हालांकि सोफी ने सफाई देते हुए कहा कि उनके एक्स हसबैंड जो जोनस ने उन्हें कभी ऐसा महसूस नहीं करवाया।



## मंदिर में शॉट्स पहने पहुंचीं अंकिता

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड कैमरामैन वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अंकिता का एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में वह काफी प्यारी लग रही हैं। हालांकि उन्होंने इस वीडियो में बताया है कि उन्हें चोट लग गई है। उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया है। इस वीडियो को शेयर करते हुए वीरल ने कैप्शन में बताया है कि यह वीडियो एक मंदिर का है। वीडियो में अंकिता लोखंडे मंदिर के दर्शन करके आ रही होती हैं। इस दौरान पैपराजी उनकी फोटो लेते हैं वह कहती हैं उन्हें चोट लगी है। रहने दो मैं मंदिर से आई हूं। इसके बाद वह कार में बैठकर चली जाती हैं। अब अंकिता का ये वीडियो वायरल होने हो गया है। वहीं वीरल के पोस्ट पर नेटिजन्स उनकी क्लास लगा रहे हैं। उनका कहना है कि वह शॉट्स पहन कर मंदिर कैसे जा सकती हैं।




## 'चंदू चैंपियन' का नया पोस्टर रिलीज

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन की फिल्म 'चंदू चैंपियन' का पहला पोस्टर सोशल मीडिया पर छाया हुआ है।इस बीच मेकर्स साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान ने एक्टर के दूसरे लुक को भी रिवील कर दिया है। पहले पोस्टर में कार्तिक मिट्टी से लथपथ दिखे थे. वो लंगोट पहने भाग रहे थे। अब दूसरे पोस्टर में एक्टर का अलग ही अवतार नजर आ रहा है। नए पोस्टर में कार्तिक बॉक्सर बने हुए हैं। फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए कार्तिक आर्यन की कमिटमेंट और कोशिश उनके कमाल के बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन में साफ देखी जा सकती है। शुरू से ही कार्तिक आर्यन और कबीर खान दोनों ने फिल्म में किरदार के लिए एक ऑथेंटिक रेसलर की फिजिक का लक्ष्य रखा था, और दूसरे पोस्टर में उस विजन को साफ देखा जा सकता है।

### टीवी मसाला

## पर्सनल लाइफ में घुसना है रियलिटी शो : आमिर अली

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर आमिर अली यूं तो कई रिएलिटी शोज का हिस्सा रहे हैं।लेकिन झलक दिखला जा 11 का एक्सपीरियंस उनके लिए बेहद अलग था. वो इसे अपना लास्ट रिएलिटी शो भी बताते हैं।



आमिर के मुताबिक मेकर्स उनकी पर्सनल लाइफ को दिखाने में ज्यादा इंटरेस्टेड थे, ना कि उनका डांस. एक्टर ने रिएलिटी शोज से तौबा कर ली है। आमिर ने एक इंटरव्यू में कहा- झलक दिखला जा...का एक्सपीरियंस अलग था। वो इतना चाहते थे जो मैं दे नहीं सकता था। वो मेरी पर्सनल लाइफ को दिखाना चाहते थे, जो मैं नहीं कर सकता था। रिएलिटी शोज आजकल बहुत बदल गए हैं। मुझे याद है मैं जब नच बलिए कर रहा था। वो लोग एक ईद स्पेशल कर रहे थे। उन्हें दिखाना था, लेकिन ईद एक हफ्ते बाद था। मैं इतना इनोसेंट था कि कहा ईद अगर एक हफ्ते बाद आ रहा है तो मैं इतना नकली नहीं हो सकता कि एक हफ्ते पहले दिखा दूं। मैं इतना मासूम था. मुझे लगता है कि भगवान मुझपर मेहरबान थे, जो फिर भी मुझे प्रोजेक्ट मिल जाते थे। लेकिन अब वक्त इतना बदल गया है कि रिएलिटी शोज आपकी निजी जिंदगी में घुसने लगे हैं। चीजें काफी पर्सनल हो गई हैं।वो मैं उन्हें नहीं दे सकता, जो उन्हें चाहिए।

### सुपरस्टार सिंगर 3' में गेस्ट बनकर पहुंचीं

**नई दिल्ली।** दिग्गज एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए बताया कि वह तीन साल की उम्र में म्यूजिक और डांस से जुड़ गई थीं।. 1983 में 'पेंटर बाबू' से फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाली मीनाक्षी शेषाद्रि ने चार भारतीय क्लासिकल डांस फॉर्म्स 'भरतनाट्यम', 'कुचिपुड़ी', 'कथक' और 'ओडिसी' में ट्रेनिंग ली। दरअसल, बच्चों के सिंगिंग रियलिटी शो 'सुपरस्टार सिंगर 3' में 'मीनाक्षी शेषाद्रि स्पेशल'गेस्ट के तौर पर शो में शामिल हुईं और अपने करियर के कुछ किस्से साझा किए। इस एपिसोड में हरियाणा के गुरुग्राम के रहने वाले 9 साल के निशांत गुप्ता ने कैप्टन मोहम्मद दानिश के साथ फिल्म 'लक बाय चांस' के गाने 'बावरे' पर परफॉर्म किया। मीनाक्षी ने परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए कहा, 'यह हर किसी के लिए शानदार परफॉर्मेंस थीं। उत्साह साफ देखने को मिल रहा था, हम सभी वहीं खड़े थे और ताल पर थिरक रहे थे, यह सचमुच जबरदस्त था।' 60 साल की एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'आज इस स्टेज पर खड़े होकर, इन छोटे बच्चों को देखने के बाद, मुझे अपना बचपन याद आ गया है।



## जी 5 ने 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' का किया प्रीमियर

**नई दिल्ली।** भारत का सबसे बड़ा घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और बहुभाषी स्टोरीटेलर जी 5, सनशाइन पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रोड्यूज किए गए हार्ड-हिटिंग क्राइम ड्रामा - 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' का प्रीमियर कर रहा है। द केरल स्टोरी की कामयाबी के बाद डाइरेक्टर सुदीप्तो सेन, प्रोड्यूसर विपुल अमृतलाल शाह और लीड एक्टर अदा शर्मा की कोर टीम, एक और धारदार व विचारोत्तेजक नैरेटिव लेकर आई है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म, छत्तीसगढ़ की नक्सली बगावत को दबाने के लिए एक अकेले पुलिस अधिकारी द्वारा किए गए असाधारण प्रयासों पर केंद्रित है। फिल्म में अदा शर्मा के साथ-साथ इंदिरा तिवारी, विजय कृष्णा, शिल्पा शुक्ला, यशपाल शर्मा, सुब्रत दत्ता और राइमा सेन भी प्रमुख भूमिकाएं निभा रही हैं। आज से, दर्शक अब 'बस्तर' को विशेष रूप से जी 5 पर स्ट्रीम कर सकते हैं! 'बस्तर' एक दिलचस्प दास्तान है जो नक्सली खतरे पर रोशनी डालती है। यह खतरा हजारों लोगों की जान ले चुका है और इसने पूरे इलाके में भारी तबाही मचा रखी है। सच्ची घटनाओं से प्रेरणा लेते हुए, यह फिल्म ऐसे वफादार पुलिस अधिकारी के कदमों को फॉलो करती है जो छत्तीसगढ़ में नक्सली विद्रोह से जूझने के लिए तमाम हदें पार कर जाता है।




आपको अंदर तक झकझोर देने वाले भावुक पलों के साथ, 'बस्तर' इस मुद्दे की पेचीदगियों पर बेबाक नज़र डालती है। गुमनाम नायकों के आतंकवाद से लड़ने तथा अधिकारियों की निजी मुश्किलों और नक्सली समुदाय के खिलाफ उनकी साहसी जंग को गहराई से जानने के लिए जी 5 पर बस्तर को अवश्य देखें। यह फिल्म अब हिंदी और तेलुगु में भी उपलब्ध है। जी 5 के चीफ बिजनेस ऑफीसर मनीष कालरा ने बताया, 'जी 5 पर, हम हमेशा ऑडियंस के साथ जुड़ने वाली कहानियां दिखाने में सबसे आगे रहते हैं। 'बस्तर' हमारे कंटेंट लाइनअप में जोड़ी गई एक जोरदार फिल्म है, जो नक्सली विद्रोह जैसे संवेदनशील मुद्दे के साथ ईमानदारी से निपटती है।

## गंजे हो गए सलमान खान? बाल्ड लुक में वायरल हुई शर्टलेस तस्वीर

**नई दिल्ली।** सलमान खान इस समय अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। वे देश के सबसे बड़े सुपरस्टारों में से एक हैं लेकिन हाल के सालों में उनकी कोई फिल्म फैंस को ज्यादा इंप्रेसिव नहीं लगी। लिहाजा उनके चाहने वाले फिर भी उनकी आने वाली फिल्मों पर नजर बनाए हुए हैं। इस बीच अभिनेता की एक पुरानी तस्वीर रेडिट पर वायरल हो गई है जिसमें वो गंजे लुक में हैं और ऋतिक रोशन के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। अब वायरल हो रही तस्वीर में सलमान खान को कैमरे के सामने गंभीर पोज देते हुए देखा जा सकता है, क्योंकि वो अपना गंजा लुक दिखा रहे हैं। तस्वीर में सलमान बिना शर्टलेस अंदाज में ऊपर से लेदर की जैकेट पहने दिख रहे हैं। उन्होंने जींस पहनकर अपने लुक को कंप्लीट किया और फोटो में ऋतिक रोशन भी मैचिंग पैंट के साथ काले रंग का टैंक टॉप में देखे जा सकते हैं। वैसे आपको बता दें कि ये सलमान की न तो किसी आने वाली फिल्म की है और न ही हाल के सालों में आई फिल्मों की है। बल्कि यह एक थ्रोबैक फोटो है जिसका अब लोगों पर अटेंशन गया है और फोटो पर बढ़ चढ़कर कमेंट्स कर रहे हैं।फोटो को देख एक यूजर ने लिखा, 'उनके पास फेस कार्ड है इसलिए उन पर कुछ भी काम करता है।' एक अन्य ने कहा, 'वो यहां रितिक पर भारी पड़ते हैं, ऐसा करना कठिन है!' एक यूजर ने कमेंट किया, 'बांद्रा का विन डीजल.' एक प्रशंसक ने कहा, 'मैं सोच रहा था कि उसकी बेल्ट के आसपास क्या है।'



### दिल्ली क्राइम अंदर से झकझोर देगी

## सिर्फ 'खाकी' ही नहीं, रियल स्टोरी पर बेस्ड हैं ये 5 वेब सीरीज

*नई दिल्ली। ओटीटी पर दर्शकों की बढ़ती डिमांड को देखते हुए अब मेकर्स भी दनादन वेब सीरीज पर लगातार काम करते नजर आ रहे हैं। आए दिन हमें ओटीटी पर एक नई वेब सीरीज देखने को मिल ही जाती हैं। आज हम आपको 5 ऐसी वेब सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें दर्शकों ने बेहद पसंद किया और सारी वेब सीरीज सच्ची घटनाओं पर बेस्ड है।*


### खाकी- द बिहार चैप्टर

यह एक क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज है, जो नीरज पांडे द्वारा निर्मित और लिखित है। फ्राइडे स्टोरीटेलर्स के तहत शीतल भाटिया द्वारा निर्मित इस सीरीज को ओटीटी पर काफी पसंद किया गया और साथ ही लोगों ने जमकर इस सीरीज पर अपना प्यार भी लुटाया। इस सीरीज को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। इस सीरीज में करण टैकर, अविनाश तिवारी, अभिमन्यु सिंह, ब्रिजेश्वर सिंह जतिन सरना, रवि किशन, आशुतोष राणा, निकिता दत्ता, ऐश्वर्या सुष्मिता, अनुप सोनी, श्रद्धा दास, नीरज कश्यप और भरत झा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज शेखपुरा जिला, नालंदा जिला और पटना जिला पर आधारित है।





### दिल्ली क्राइम

यह एक क्राइम ड्रामा वेब सीरीज है, जो रिची मेहता द्वारा लिखित और निर्देशित है। इसका पहला सीजन 2012 के दिल्ली गैंगरेप के बाद पर आधारित है। वहीं, दूसरा सीजन चड्डी बनियान गैंग पर बेस्ड है। यह सीरीज आपको अंदर से झकझोर कर रख देगी। इसी सीरीज में शेफाली शाह, रसिका दुग्गल, आदिल हुसैन और राजेश तैलंग मुख्य भूमिकाओं में हैं। ओटीटी पर आते ही यह सीरीज छा गई थी। अगर आपने इस सीरीज को मिस कर दिया है, तो आपको इसे एक बार जरूर देखनी चाहिए। इस सीरीज को भी आप नेटफ्किक्स पर देख सकते हैं।





### स्कैम 2003

द तेलगी स्टोरीः यह सीरीज अब्दुल करीम तेलगी की रियल लाइफ पर बेस्ड है, जो तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित है, जिसमें हंसल मेहता सह-निर्देशक के रूप में कार्यरत हैं। इस सीरीज को भी ओटीटी पर काफी पसंद किया गया। 2000 के दशक की शुरुआत में अब्दुल करीम तेलगी द्वारा किए गए स्टांप पेपर जालसाजी की सच्ची कहानी पर आधारित इस सीरीज में गगन देव रियार, मुकेश तिवारी, सना अमीन शेख, भरत जाधव, शाद रंधावा और दिनेश लाल यादव मुख्य भूमिकाओं में हैं।इसे भी आप सोनी लीव देख सकते हैं।




### स्कैम 1992- द हर्षद मेहता स्टोरी

यह सीरीज हर्षद मेहता की रियल लाइफ पर बनाई गई थी, जिन्हें आप ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लीव पर देख सकते हैं।हंसल मेहता द्वारा निर्देशित इस सीरीज में प्रतीक गांधी नायक हर्षद मेहता की भूमिका में हैं, जबकि श्रेया धनवंतरी समानांतर मुख्य भूमिका में सुचेता दलाल के रूप में दिखाई दी थीं। वहीं, सतीश कौशिक, अनंत महादेवन, रजत कपूर, केके रैना, ललित परिमू, हेमंत खेर और निखिल द्विवेदी भी अहम भूमिकाओं में हैं। इस सीरीज को भी आप सोनी लीव देख सकते हैं। शिक्षा मंडलः यह सीरीज व्यापम स्कैम में जुड़े लोगों पर बनी बनाई गई थी, जो सैयद अहमद अफजल द्वारा लिखित और निर्देशित है और इसमें गुलशन देवैया, गौहर खान और पवन मल्होत्रा ने अभिनय किया है।



## खबर संक्षेप

### बस ने बाइक सवार दम्पति को मारी टक्कर, महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** शुक्रवार को तेज रफ्तार व चालक की लापरवाही से एक बच्चे के सिर से मां का साया उठ गया। शादी समारोह में जाने के लिए निकले दम्पति को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दस माह का मासूम व पति घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस घटना के बाद परिजन में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम धंधापुर कोरवापरा निवासी 26 वर्षीय सुनीता पति बाबूलाल अपने दस माह के बच्चे के साथ बाइक से शादी समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम भेस्की जा रही थी। इस दौरान एनएच 343 पर सुबह दस बजे रामानुजगंज की ओर से अंबिकापुर की ओर जा रहे आदर्श बस क्रमांक सीजी 15 एबी 0637 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार दम्पति को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पति बाबुलाल व दस माह का बच्चा घायल हो गए।

### पटवारी से मारपीट करने के मामले में चार गिरफ्तार

**चांदो।** कार्यालय में घुसकर पटवारी से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन सगे भाइयों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांदो तहसील कार्यालय में पदस्थ पटवारी केशलाल पंडो 15 मई को अपने कार्यालय में बैठकर काम कर रहा था। इस दौरान ग्राम कुरडीह निवासी हिदायतुल्लाह आ. मोहमदिन, जबीउल्लाह आ. मोहमदिन, नईम अंसारी आ. मोहमदिन व फैजुल अंसारी आ. हबीबुल्लाह वहां भूमि बटवारा के काम से पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पटवारी से भूमि बंटवारा करने को कहा तो पटवारी ने विधिवत प्रक्रिया के तहत काम करने की बात कही जिसके बाद चारों ने मिलकर पटवारी से गाली गलौज कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। पटवारी द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी जिसके बाद पुलिस ने मामले में धारा 186, 332, 353, 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### आधे दाम पर वाहन फाइनेंस कराने का झांसा देकर ठगी

**अम्बिकापुर।** लोगों को आधे रकम में वाहन फाइनेंस करने और फिर ठगी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुसमी चिरपैनपारा निवासी कलाम व अन्य संचालकों द्वारा खैरबार में ड्रीम आरके ट्रेडिंग सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी संचालित की जाती है और कंपनी के माध्यम से वाहन फाइनेंस कराया जाता है। ग्राहकों से वाहन के मूल्य का आधा पैसा लेकर वाहन फाइनेंस कराकर शेष रकम कलाम व अन्य संचालकों द्वारा भुगतान किया जाता था। पुलिस के अनुसार फोकटपारा इंद्रानगर निवासी अनिमा बड़ा को भी कलाम व अन्य संचालकों द्वारा ड्रीम आरके प्राइवेट लिमिटड कंपनी से 9 लाख 75 हजार रुपए कीमत का पिकअप वाहन फाइनेंस कराया गया था। कंपनी की पॉलिसी के अनुसार महिला ने फाइनेंस के दौरान ढाई लाख रुपए नगद कंपनी में व 2 लाख 85 हजार रुपए कलाम व अन्य संचालकों को दिया गया। फाइनेंस के दौरान महिला को बताया गया था कि उसे अब पिकअप वाहन के किस्त का भुगतान नहीं करना है और किस्त का भुगतान फाइनेंस कंपनी के माध्यम से किया जाएगा। इस दौरान आरोपियों ने महिला को चेक भी प्रदान किया था लेकिन डेढ़ साल बाद संचालकों ने पिकअप वाहन का किस्त भुगतान करना बंद कर दिया गया जिसके बाद महिला को ठगी का एहसास हुआ। महिला ने अपने साथ 2 लाख रुपए के ठगी की शिकायत पुलिस से की गई थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में घटना की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस के मुख्य आरोपी कलाम को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की तो उसने अपने एजेंट के माध्यम से ग्राहकों को लुभावने बातों में फंसाकर लोन फाइनेंस कराने की बात स्वीकार की।

### शराब के लिए पैसा नहीं देने पर किया जानलेवा हमला

**अम्बिकापुर।** शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर अज्ञात लोगों ने घर के बाहर टहल रहे युवक की पिटाई करने के साथ ही ईंट से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक की मां ने घटना शिकायत पुलिस से की गई है जिसपर पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कांतिप्रकाशपुर नहरपारा निवासी कामकुवेर बघेल अपने परिवार के साथ रजपुरी खुर्द स्थित मायके आई हुई थी।

## निधन

### श्रीमती शशि उपाध्याय



**कोरबा।** भाजयुमो के जिला प्रशिक्षण प्रमुख प्रवीण उपाध्याय की माता एवं स्व.माखनलाल उपाध्याय की धर्मपत्नी श्रीमती शशि उपाध्याय 65 वर्ष का निधन हो गया है। वे लंबे समय से अस्वस्थ्य चल रही थीं। वे अपने पीछे नाती पोतों से भरा पूरा परिवार शोकसंतप्त छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार बरपाली स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

### एचएमएस ने गेवरा महाप्रबंधक से की शिकायत

# एसईसीएल गेवरा परियोजना में चश्मा प्रतिपूर्ति की नहीं मिल रही राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) ने एसईसीएल गेवरा महाप्रबंधक से आंखों के इलाज के बाद वित्त विभाग द्वारा चश्मे का बिल भुगतान नहीं करने की शिकायत की है। संघ ने आरोप लगाया है कि गेवरा क्षेत्र में चिकित्सका उपस्थिति नियमों के तहत चश्मा प्रतिपूर्ति राशि नहीं दी जा रही है। विभाग द्वारा सेप में नहीं होने पर भुगतान नहीं करने और अब तक कोई गाइड लाइन नहीं आने का हवाला दिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया के सक्षम प्राधिकारी ने बोर्ड की 461वीं बैठक में चश्मा प्रतिपूर्ति को शामिल करने की मंजूरी दी है। जिसके तहत अधिकतम 50 हजार से 10 हजार रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों में सभी प्रकार के नेत्र रोगों के उपचार का प्रावधान है। इसके तहत अधिकारी कर्मचारियों व उनके परिवार के पात्र सदस्यों के लिए तीन साल में एक बार अप्रवर्तन की त्रुटियों के सुधार के लिए आंखों का परीक्षण व कृत्रिम अंग के प्रावधान की अनुमति दी गई है, लेकिन पूर्व में चश्मे की लागत अस्वीकार्य की गई थी। जिसमें संशोधन करते हुए दो साल के लिए अधिकारी कर्मचारियों के वर्ग विशेष को अधिकतम 50 हजार से 10 हजार रुपए की लागत से चश्मा प्रतिपूर्ति की राशि का प्रावधान किया गया है। नियम और शर्तों की बात करें तो प्रतिपूर्ति सीमा अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके आश्रितों के लिए लागू एक संयुक्त राशि है। 1 अप्रैल 2024 से शुरू होने वाले साल के लिए यह लागू होगी। बावजूद इसके गेवरा क्षेत्र में आदेश जारी होने के 45 दिन बाद भी कर्मचारियों द्वारा इलाज कराने के पश्चात जब चश्मे का बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है तो वित्त विभाग द्वारा सेप में नहीं है कह कर बिल भुगतान नहीं किया जा रहा है। साथ ही मुख्यालय द्वारा कोई गाइड लाइन नहीं आने का हवाला दिया जा रहा है। प्रबंधन द्वारा गाइड लाइन आने के बाद ही भुगतान की बात कही जा रही है, जिसे लेकर एचएमएस ने मोर्चा खोल दिया है। एचएमएस शाखा गेवरा परियोजना ने महाप्रबंधक को जारी पत्र में उल्लेख किया है कि अगर भुगतान कराने को लेकर गाइड लाईन मुख्यालय से नहीं आई है तो क्षेत्र द्वारा 45 दिनों से क्या कार्यवाही की जा रही है भुगतान हेतु गाइड लाईन क्यों नहीं लिया गया है। एचएमएस ने इस मामले में जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग की है, जिससे कोल कर्मी तनावमुक्त होकर कंपनी की सेवा कर सकें।

#### ग्रेड वाइज प्रतिपूर्ति की अधिकतम सीमा

| श्रेणी | अधिकतम राशि |
|---|---|
| बोर्ड स्तर | 50 हजार |
| ई 8 व ई 9 | 45 हजार |
| ई 6 से ई 7 | 35 हजार |
| ई 4 से ई 5 | 30 हजार |
| ई 1 से ई 3 | 20 हजार |
| कर्मचारी | 10 हजार |

#### नेत्र सुरक्षा चश्मे, एंटी ग्लेयर ग्लास के लिए प्रतिपूर्ति नहीं

प्रतिपूर्ति में सीमा केवल दृष्टि सुधार के चश्मे के लिए राशि का प्रावधान है। किसी भी प्रकार के नेत्र सुरक्षा चश्मे, एंटी ग्लेयर ग्लास व गागल आदि के लिए कोई प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी। हालांकि नेत्रहीनों को काले चश्मे के लिए प्रतिपूर्ति की अनुमति है। प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया एसएपी मॉड्यूल से होगी। नेत्र रोग विशेषज्ञों के परामर्श, नेत्र परीक्षण, चिकित्सा आदि पर किए गए व्यय प्रतिपूर्ति मौजूदा चिकित्सा नियमों के अनुसार अलग से की जाएगी। योजना के तहत सीमा का हिस्सा नहीं होगा। अधिकारी कर्मचारी को नेत्र विशेषज्ञों की दृष्टि में सुधार हेतु चश्मे लगाने की सलाह का एक प्रीस्क्रीप्सन मूल या फोटो काफी में प्रस्तुत करना होगा जो चश्मा खरीदने की तारीख से 6 महीने पुराना न हो। साथ ही चश्मे पर किए गए व्यय के बिलों के साथ आंखों की दृष्टि में सुधार की सलाह दी गई हो।

# सेंट विन्सेंट पलोटी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सेंट विन्सेंट पलोटी स्कूल रविशंकर शुक्लनगर कोरबा से कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सीबीएसई परीक्षा में सम्मिलित 201 छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाकर विद्यालय को गौरवानित किया। कक्षा 10वीं में विद्यार्थियों की संख्या 119 थी, जिनका परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जिसमें अर्घ्य अग्रवाल ने 96.4 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, सूजा सोनी ने 94.6 प्रतिशत लाकर द्वितीय स्थान, भाग्यश्री गिरी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल की। 7 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 25 विद्यार्थियों ने 80 से 89 प्रतिशत अंक हासिल किया तथा 75 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में पास की। कक्षा 12वीं में गणित संकाय से छाया श्रीवास ने 87 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, अभिषेक साहू ने 83.2 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं आस्था कर्ष ने 81.4 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय से मोली साहू ने 84.4 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, जसलीन प्रीत कौर ने 83.6 प्रतिशत लाकर द्वितीय स्थान, एवं अखिल रंजन यादव ने 79.8 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल की। वाणिज्य संकाय से विशेष अग्रवाल ने 88.4 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान, सना सिंह ने 86.6 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं मुकेश जयसवाल ने 83 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया । सेंट विन्सेंट पलोटी विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षक शिक्षिकायें उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से गौरवानित है एवं सभी उतीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# उद्योग मंत्री देवांगन ने ओडिसा के बरगढ़ लोकसभा में किया सघन जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जनसंपर्क के दौरान उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन।

बुद्धजीवी वर्ग समाज का आइना होता है, आज बरपाली के बुद्धिजीवी वर्ग ने एक स्वर में बता दिया है की सभी मोदी के विकास के साथ है, मोदी की गारंटी के साथ हैं। यहां से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी प्रदीप पुरोहित और विधानसभा प्रत्याशी सनत गड़किया प्रचंड वोटों से जीत हासिल करने जा रहे हैं। बीजेडी के भ्रष्ट सरकार से पूरी ओडिसा की जनता छुटकारा चाहती है। निश्चित तौर पर यहां कमल फूल खिलने जा रहा है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने ओडिसा के बरगढ़ लोकसभा और विजयपुर विधानसभा के बरपाली नगर में बुद्धजीवी सम्मेलन में के दौरान कही। इस दौरान श्री देवांगन के साथ वित्त मंत्री ओपी चौधरी साथ रहे। श्री देवांगन ने कहा कि बीजद सरकार के भ्रष्टाचार, अफसरशाही और कमीसनखोरी से ओडिशा की जनता त्रस्त हो गई है, आज ओडिसा के बरगढ़ लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क किया। इस दौरान क्षेत्र का पिछड़ापन, विकास की कमी से जूझ रही जनता ने इस लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कमल खिलाने का मन बना लिया है। इस अवसर पर उनके साथ कोरबा भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, नरेंद्र पाटनवार समेत अन्य उपस्थित रहे।

# पेयजल संकट सहित अन्य समस्याओं को लेकर ग्रामीणों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



बैठक के दौरान उपस्थित महिलाएं।

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के ग्राम चौपाल अभियान के तहत लिए पाली विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम हरदीबाजार के कुम्हारपारा में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में गांव में पेयजल की संकट और युवा बेरोजगारो के लिए रोजगार महिला समूहों की बहनों के लिए स्वरोजगार की व्यवस्था कराने जैसी मुख्य विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में संगठन के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप द्वारा संगठन के उद्देश्य व कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि समस्याओं के समाधान के लिए सन्गठन की जरूरत होती है और एकता बद्ध आंदोलन ही समस्या का समाधान कराता है। किसानों व भूविस्थापितों और उनके परिवार रोजमर्रा की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सन्गठन की ओर से निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है। पीढ़ी दर पीढ़ी गांवो में निवास करने वाले किसानों को आद्योगिकीकरण के कारण रोजगार, बसाहट, मुआवजा के लिए भटकना पड़ता है। नौकरशाही के चलते राज्य व केंद्र सरकार की पुर्नवास नीति का लाभ नहीं मिलता। गांव के किसानों को अपने राजस्व समस्याओं जैसे कि फौती, नामांतरण, बटांकन के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ती है। बेरोजगारी, गरीबी, मंहगाई का दंश झेलने वाले परिवारों की बात सुनने के लिए जनप्रतिनिधि, शासन प्रशासन के अधिकारी के पास फुर्सत ही नहीं है। ऐसे सारे समस्याओं का समाधान कराने के लिए उनका सन्गठन कार्य करती है। उन्होंने गांव की मूलभूत समस्याओं और समाज में व्याप्त अराजकता के खिलाफ संगठन विस्तार के लिए अपील किया। बैठक में मौजूद लोंगो की सहमति से पानी, रोजगार, महिलाओं को स्वरोजगार सहित अन्य मुद्दों पर आंदोलन का विस्तार के लिए महिला व युवाओ के बीच सन्गठन विस्तार के लिए संयोजन समिति का गठन भी किया गया। महिला प्रभाग के संयोजक श्रीमती जमोत्री राठौर, सहसंयोजक फूल बाई यादव एवं युवा प्रभाग के संयोजक लम्बोदर राठौर व सहसंयोजक मनहरण पटेल को बनाया गया है। बैठक में ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के उपाधयक्ष बसन्त कुमार कंवर, सदस्य अनुसुइया राठौर, संतोष चौहान, जमोत्री राठौर, सुभद्रा पटेल, सुनई बाई, गंगोत्री प्रजापति, नंदबाई पटेल, श्याम रति पटेल, संगीता पटेल, द्रोपती, कमला प्रजापति अंजू पटेल, दिनेश्वरी पटेल, सुशीला, राम कुमारी, रुक्मणी, अलका यादव, पुन्नी बाई, सूरज्ञा यादव, आशा प्रजापति, फूलबाई यादव, वैदेही राठौर, ललिता यादव, अनीता यादव, सुमन यादव सुलोचना यादव सविता बाई यादव, सावित्री पटेल गीता प्रजापति , परमेश्वर पटेल, जयराम पटेल सहित अन्य शामिल थे।

# ईष्ट देवी या देवता का सच्चे मन से स्मरण करने से समस्या होती है दूरः पं.रामनारायण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार





कथावाचन करते आचार्य एवं कथा का रसपान करते श्रद्धालु।

ग्राम नोनबिर्रा में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन व्यास पीठ से पंडित रामनारायण पाठक ने अजामिल प्रसंग व प्रहलाद चरित्र कथा का रसपान उपस्थित स्त्राओं को श्रवण कराया। पंडित पाठक ने कहा कि जिस तरह से भक्त प्रहलाद भगवान श्रीहरि के गुणगान करते थे उन्हें सब में श्री हरि दिखते थे, किंतु उसके पिता हिरण्यकश्यप जो भगवान श्रीहरि को अपना शत्रु मानता था उसके नाम के उच्चारण से भी उसे घृणा होती थी और उसी का पुत्र प्रहलाद उसका परम भक्त हैं जो भक्ति कर रहा है। जब हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र प्रहलाद से अपने प्रभु श्री हरि को बुलाकर दिखा बोले तो इस खम्भे से मेरे प्रभु निकलेंगे और निकले और हिरण्यकश्यप का नीति पूर्वक अंत किया और अपने बालक भक्त प्रहलाद की लाज रखी और हिरण्यकश्यप काश्यप जैसे दुष्ट का नाश किया। कहने का तात्पर्य है कि जब भी हम किसी संकट में हो, परेशानी में हो अपने ईष्ट देवी या देवता का सच्चे मन से स्मरण करें, किसी न किसी माध्यम से आप की परेशानी दूर हो जायेगी। बस आप में छल, कपट, झूठ धोखा न हो सच्चे मन, विश्वास से की पूजा कभी निष्फल नहीं जाती। प्रतिदिन कथा शाम 4 बजे से हरि इच्छा तक चल रही है। वहीं परायण पं किशन पाठक, आचार्य पं अखिलेश पाठक अन्य धार्मिक अनुष्ठान करा रहे हैं। आयोजक परिवार ने भोजन भंडारे की भी व्यवस्था की है। कथा श्रवण राम यादव, श्रीमती लक्ष्मी देवी, हरनारायण यादव, श्रीमती चंचल, हरनारायण यादव, भागवत यादव, आत्माराम कंवर, युगल किशोर, दुर्गेश यादव, अजय यादव, दिनदयाल, पुरेंद्रर यादव, सुनील, मुद्रिका यादव, जितेन्द्र, पतिराम यादव सहित अन्य ग्रामवासी व भागवत प्रेमी उपस्थित रहे।

# रक्तदान महादान को लेकर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अभियान को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते नरेंद्र देवांगन।

रक्तदान महादान को लेकर जन जागरूकता अभियान के साथ जिले के दो युवा प्रदेशभर में लोगों को जागरूक करने निकले हुए हैं। जिसमें हेल्पिंग हैंड सोशल वेलफेयर फॉउंडेशन के संस्थापक शाश्वत पांडे और समाज सेवी प्रेम सोनी शामिल हैं। बुधवार को भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री नरेंद्र देवांगन ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के पास हरी झंडी दिखाकर दोनों को रवाना किया। निगम पाषर्द व भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री नरेंद्र देवांगन ने कहा कि रक्तदान करने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। लोगों को बढ़ कर कर रक्तदान करना चाहिए जिस प्रकार से दोनों युवा लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चला रहे हैं लोगों को भी सामने आना चाहिए। वहीं शाश्वत पाण्डेय ने बताया कि वो सबसे पहले जशपुर जा रहे हैं वह से पूरे प्रदेश में फ़हम घूम कर लोगों को जागरूक करेंगे। इसमें तीन माह का समय लगेगा। वही प्रेम सोनी ने बताया कि लोग को रक्तदान के लिए प्रेरित करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।

# छग बिजली कर्मचारी संघ महासंघ ने अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ वृत्त के प्रतिनिधियों द्वारा यशवन्त राठौर, सचिव एवं प्रदेश मंत्री के नेतृत्व में कर्मचारी समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता पीएल सिदार से सौजन्य मुलाकात कर पांच बिंदुओं पर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कर्मचारियों की गोपनीय चरित्रावली का उचित समय पर संधारण कर पदोन्नति कार्य, नवीन नियुक्त डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं अनुकंपा नियुक्ति कर्मियों को नियमित कर 100 प्रतिशत मूल वेतन भुगतान करने, लंबित एरियर्स राशि का भुगतान एवं कंपनी कार्यालय में कार्यरत महिला अधिकारी एवं कर्मचारी को सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से प्रसाधन की सुविधा हेतु सुलभ शौचालय का निर्माण कराने इत्यादि। इस दौरान कंपनी से कार्यपालन अभियंता बीबी नेताम तथा महासंघ की और से अजय मिश्रा अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ, सीमा खलखो कार्यकारी अध्यक्ष, सुनीता जायसवाल उपाध्यक्ष, सत्यप्रकाश गांधी गुप्ता कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे।

***कटघोरा।** कटघोरा बस स्टैंड में 16 मई को 7 वर्षीय मासूम लक्की मिला जो अपने माता-पिता का नाम पता बता पाने में असमर्थ था। जिसे कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के निर्देश पर थाना स्टाफ ने शहर में लगातार बच्चे को लेकर उसके परिजनों का पता किया लेकिन पता नहीं चला। इसी बीच लक्की की मां मंजू यादव बच्चे को पता करते आई। इसी दौरान थाना स्टाफ आरक्षक महेंद्र चंद्रा से मोबाइल से संपर्क किया गया और मासूम को माता के सुपुर्द कर दिया।

# कोल इंडिया के अध्यक्ष व सचिव ने केंद्रीय महासचिव से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल एम्पलोइज वेलफेयर एसोसिएशन कोल इंडिया के अध्यक्ष गुलाब सिंह और कोल इंडिया के महासचिव जय बहादुर सिंह यादव, ऐसोसिएशन के एसईसीएल प्रभारी ताराचंद यादव, बैकवर्ड क्लास (ओबीसी) कोल एम्पलोइज वेलफेयर एसोसिएशन एसईसीएल बिलासपुर जोन छग के केद्रीय महासचिव मंगला सिंह यादव ने 17 मई को एसईसीएल बिलासपुर के निदेशक कार्मिक से बिलासपुर कम्पनी मुख्यालय मे मुलाकात की। जय बहादुर सिंह यादव ने कहा कि सरकार के आदेश के तहत कोल इंडिया और सभी अनुषंगी कंपनियों में वर्क कमेटी गठन करना सुनिश्चित है एसोसिएशन मांग करता है कि अगर वर्क कमेटी गठन के लिये चुनाव की प्रक्रिया अपनायी जाती है तो ऐसोसिएशन सभी स्तर पर चुनाव लड़कर वर्क कमेटी में शामिल होगा। ओबीसी ऐसोसिएशन किसी भी श्रमिक संगठन न सहयोग करेगा और ना ही विरोध करेगा, ऐसोसिएशन स्वतंत्र रुप से वर्क कमेटी में चुनाव में भाग लेगा यदि श्रमिक संगठन और ओबीसी ऐसोसिएशन के सहयोग से वर्क कमेटी बनाई जाती है तो सभी अनुषंगी कंपनियों में ओबीसी ऐसोसिएशन को भी वर्क कमेटी में शामिल किया जाए। मुलाकात में ऐसोसिएशन के केद्रीय उपाध्यक्ष दिलीप मंडल, हेड क्वाटर बिलासपुर के अध्यक्ष संजय साहू, कुसमुंडा के अध्यक्ष मुकेश कुमार, जमुना कोतमा के अध्यक्ष हरबंस पटेल उपस्थित थे।

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
जीवन ज्योति क्लीनिक
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिलें मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

## क्राइम फाइल

### बांकी चिकित्सालय की दयनीय स्थिति पर प्रबंधन नहीं दे रहा ध्यान : दीपेश



**कोरबा।** क्षेत्रीय प्रबंधन के गैरजिम्मेदाराना हरकतों के वजह से एसईसीएल कोरबा एरिया स्थित बांकी चिकित्सालय की वर्तमान स्थिति बहुत ही दयनीय हो गई है। इस संबंध में एटक के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने बताया कि एक समय कोरबा एरिया का मुख्य चिकित्सालय हुआ करता था और उसे 50 बेडे हॉस्पिटल बनाया गया था। परंतु कोरबा क्षेत्रीय प्रबंधन के सौतेला व्यवहार के चलते आज बांकी हॉस्पिटल एक डिस्पेंसरी में तब्दील हो गई है जो ठीक नहीं है। क्योंकि आज भी कोरबा क्षेत्र के 75 फीसदी कामगारों का इलाज वहीं किया जाता है। परंतु क्षेत्रीय प्रबंधन के साजिश का दंश बांकी हॉस्पिटल झेल रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में गर्म लू चल रही है वहीं बांकी हॉस्पिटल में सिर्फ एक एसी है वो भी सिर्फ मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कमरे में बांकी तमाम कमरों में मरीज गर्मी के चलते परेशान हैं। एटक संगठन ने बांकी चिकित्सालय के चीफ मेडिकल ऑफिसर को अवगत कराया तब उन्होंने बताया कि मार्च महीने में ही कोरबा क्षेत्रीय मुख्यालय में एयर कंडीशन रिक्वायरमेंट प्रस्ताव संबंधित फाइल सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत कर दिया गया है परंतु जिम्मेदार सक्षम अधिकारी उस फाइल को इधर-उधर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरबा एरिया के प्रबंधन को सिर्फ कोयला उत्पादन लक्ष्य कैसे पूरा हो उसी की चिंता है, इनको मजदूरों के हितों से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने क्षेत्रीय प्रबंधन को कहा कि हम भी चाहते हैं कि कोरबा क्षेत्र निर्धारित उत्पादन लक्ष्य को पूरा करें हम इसमें सहयोग करेंगे और उम्मीद करेंगे कि क्षेत्रीय प्रबंधन व इकाई प्रबंधन मजदूरों के जो कल्याणकारी कार्य है उसे पूरा करे तथा बांकी चिकित्सालय में तत्काल एसी मुहैया किया जाए।

### तीन माह से खाली पड़ी है नगर पंचायत छुरीकला अध्यक्ष की कुर्सी

**कोरबा।** नगर पंचायत छुरीकला की तत्कालीन अध्यक्ष श्रीमती नीलम अशोक देवांगन के विरुध्द अविश्वास प्रस्ताव पारित होने से कुर्सी छोडऩे के बाद अब तक अध्यक्ष नहीं बनाए जाने से पिछले तीन माह से अध्यक्ष की कुर्सी रिक्त पड़ी है। मनोनीत अध्यक्ष बनाने के लिए पार्षदों द्वारा शासन-प्रशासन से मांग किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को नगर पंचायत छुरीकला अध्यक्ष के खिलाफ पार्षदों का अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाने के बाद अध्यक्ष पद रिक्त हो गया। तीन माह बीत जाने के बाद नया अध्यक्ष नहीं बनाए जाने से अध्यक्ष पद रिक्त पड़ा है। नये अध्यक्ष के मनोनयन को लेकर पार्षदों द्वारा बैठक आयोजित कर आपसी तालमेल व समझौता से महिला पार्षद को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री से भेंट कर 10 पार्षदों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा जा चुका है। लोकसभा चुनाव के कारण अध्यक्ष का मनोनयन रोक दिया गया लेकिन चुनाव संपन्न होने के बाद एक बार फिर अध्यक्ष पद को लेकर चर्चो शुरू हो गई है। अध्यक्ष के लिए एक पार्षद द्वारा प्रमुखता से दावेदारी किया जा रहा है जिसके लिए पार्टी के आला नेता व मंत्री को मनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। दूसरी ओर नगरवासियों द्वारा उक्त पार्षद को अध्यक्ष बनाने को लेकर विरोध शुरु हो गया है।

### एकलव्य आदर्श विद्यालय में कक्षा 6वीं के लिए चयन परीक्षा आज

**कोरबा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 18 मई को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक चयन परीक्षा का आयोजन किया गया है, जिसके लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। परीक्षार्थी एकलव्य विद्यालय की वेबसाइट पर जाकर अपना आवेदन क्रमांक व पिता का मोबाइल नंबर प्रविष्ट कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही जिन विद्यार्थियों के आवेदन अस्वीकृत हुए हैं वे उक्त लिंक पर जाकर आवेदन क्रमांक व पिता के मोबाइल नंबर की सहायता से आवेदन के अस्वीकृत होने के कारण की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पात्र अभ्यर्थी ऑनलाइन के अतिरिक्त प्रवेश पत्र अपने ब्लॉक के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला, लाफापाली रामपुर पोड़ी-उपरोड़ा एवं प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर से प्राप्त कर सकते हैं।

## गर्मी में नगरवासियों को पानी देने का दावा साबित हुआ खोखला

# गाजर नाला का एनीकट सूखा, पीएचई की जल आवर्धन योजना अब तक नहीं हुई पूरी



एनीकट जहां पानी का एक बूंद भी नहीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली नगर पंचायत के निवासियों की प्यास इस गर्मी में भी नहीं बूझ रही है। विभाग का गर्मी में लोगों को पानी उपलबध कराने का दावा खोखला साबित हुआ है। जिस गाजर नाला में एनीकट बनाकर पानी सप्लाई करने की योजना थी वह गाजर नाला इस गर्मी में सूखा पड़ा हुआ है और विभाग के 8 करोड़ रूपये पूरी योजना में खर्च हो रहे हैं। आने वाले समय में यह राशि और भी बढ़ सकती है।

**खास बात**

- वर्ष 2018 में शुरु हुई थी योजना, साढ़े 8 करोड़ की थी लागत जो अब बढ़ गई

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने नगर पंचायत पाली के सभी 15 वार्ड और उससे लगे तीन ग्राम पंचायतों में पानी पहुंचाने के लिए जल आवर्धन योजना की शुरूआत वर्ष 2018 में की थी और पांच साल बीतने के बाद भी योजना मूर्तरूप नहीं ले सकी। गंभीर संकट झेल रहे पाली नगरवासियों की यह उम्मीद थी कि इस गर्मी में उन्हें पानी मिल जाएगा। वहीं विभाग ने भी यह दावा किया था कि इस गर्मी में नगवासियों को हर हाल में पानी उपलब्ध करा दिया जाएगा, किंतु मैदानी स्तर पर विभाग का यह दावा इस समय खोखला साबित हो रहा है कि जिस एनीकट से पानी लाने की योजना थी वह इस समय पूरी तरह सूखा पड़ा हुआ है। ऐसे में जल आवर्धन योजना को पानी कहां से मिलेगा यह सवालों में खड़ा हो गया है। वहीं विभाग किस योजना के तहत गाजर नाला में बने एनीकट से पानी लाने की योजना तैयार की थी यह समझ से परे है। जब वह स्वयं गर्मी में प्यास है ऐसे में वह नगरवासियों की प्यास बूझाने के लिए पानी कहां से उपलब्ध करायेगा। आज 5 वर्ष पूरे हो गए योजना को शुरू हुए और अब तक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का काम अभी भी पूरा नहीं हो सका है। जाहिर है कि ठेका कंपनी द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है।

**खदान खुलने से गिर रहा जलस्तर**

पाली क्षेत्र में जब से एसईसीएल की सरईपाली बुड़बुड़ कोयला खदान शुरू हुई है तब से खदान के आसपास के क्षेत्र का जलस्तर गिरने लगा है। पाली नगर पंचायत की दूरी खदान से लगभग 3 किलोमीटर है। ऐसे में खदान से नगर पंचायत का प्रभावित होना लाजमी है। नगरवासियों को यह उम्मीद थी कि जल आवर्धन योजना शुरू होने से खदान खुलने के कारण खड़ी होने वाली पेयजल की समस्या से उन्हें निजात मिल जाएगी, लेकिन उनकी यह उम्मीद पांच साल से धरी की धरी रह गई है।

**प्राकृतिक जलस्रोत के पानी को रोका ग्रामीणों ने**

गाजर नाला में जिस प्राकृतिक जलस्रोत से पानी आता था उसे क्षेत्र के ग्रामीणों ने कई हिस्सों में मेढ़ बनाकर रोक दिया है। कई जगह ग्रामीणों ने पानी रोकने का काम किया है। जिससे गाजरनाला एनीकट तक पानी नहीं पहुंच रहा है। यही कारण है कि गाजरनाला पूरी तरह सूखा पड़ा हुआ है। जलस्रोत नहीं होने के कारण जल आवर्धन योजना के भविष्य पर भी सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर योजना के लिए पानी कहां से लाया जाएगा। जब गर्मी में एनीकट में पानी नहीं रहता।

## मोटर सायकल चोर गिरोह का पर्दाफाश, 4 वाहन बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको पुलिस ने क्षेत्र में मोटर सायकल चोरी करने वाले गिरोह के 2 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 3 मोटर सायकल एक स्कूटी सहित कुल 4 गाड़ी जप्त करने में सफलता हासिल की है।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत भदरापारा निवासी विरेन्द्र कुमार खुंटे ने 21 अप्रैल को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने मोटर सायकल पैशन प्रो क्रमांक सीजी 12 एडी 7882 को लेकर ड्यूटी के लिए बालको प्लांट के प्रोजेक्ट गेट के पास स्थित पार्किंग में प्रातः 8:30 बजे खडा करके हेन्डल लाक करके प्लांट अंदर ड्यूटी करने चला गया तथा ड्यूटी समाप्त होने के बाद शाम 6:20 बजे आकर देखा तो उसकी उक्त मोटर सायकल वहां पर नहीं था। कोई अज्ञात चोर द्वारा उक्त मोटर सायकल को चोरी कर ले गया है। कि रिर्पोट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुटी हुई थी। इस दौरान बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह के नेतृत्व में आरोपियों की धरपकड़ के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी जहां 15-16 मई की दरमियानी रात थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह रात्रि पेट्रोलिंग पर थे इस दौरान मोटर सायकल में एक व्यक्ति घूम रहा था जिसे रोककर पुलिस ने पूछताछ की तो वह गोलमोल जवाब देने लगा। पुलिस ने उक्त युवक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम अजाद नगर बालको निवासी आकाश भिंगराज उम्र 20 वर्ष पिता सहदेव भिंगराज बताया और जब पुलिस ने मोटर सायकल के दस्तावेज की मांग की गई तो उसके द्वारा कोई भी दस्तावेज पेश नहीं किया गया। पुलिस ने उसके अन्य साथी राकेश बघेल उर्फ रक्का उम्र 21 वर्ष पिता स्व. सुखदेवानंद बघेल से भी एक चोरी की मोटर सायकल जप्त की है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने कुल 3 मोटर सायकल एवं 1 स्कूटी को जप्त किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## एचटीपीपी संयंत्र में महज चार दिन का कोल स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एचटीपीपी संयंत्र में कोयला संकट गहरा गया है, संयंत्र में महज 95 हजार मिट्रिक टन कोयले का स्टॉक है। संयंत्र में महज चार दिन का कोयला स्टॉक होने से प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। एसईसीएल द्वारा अनुबंध के द्वारा कोल आपूर्ति नहीं की जा रही है जिसकी वजह से संयंत्र प्रबंधन को रोजाना आपूर्ति होने वाले कोयला से काम चलाना पड़ रहा है।

**खास बातें**

- रोजाना आपूर्ति होने वाले कोयले से चलाना पड़ रहा काम
- कोल स्टॉक क्रिटिकल पोजिशन पर, प्रबंधन की बढ़ी मुश्किलें

छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 1340 मेगावाट क्षमता वाले एचटीपीपी संयंत्र में कोल स्टॉक क्रिटिकल पोजिशन पर है। संयंत्र में लगभग 25 से 30 दिन का कोल स्टॉक होना चाहिए लेकिन एचटीपीपी संयंत्र में महज 4 दिन का कोल स्टॉक शेष बचा है। जिसकी वजह से प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ गई है। संयंत्र प्रबंधन का कहना है कि का कहना है कि एसईसीएल द्वारा पर्याप्त कोयले की आपूर्ति नहीं की जा रही है। एचटीपीपी संयंत्र में 210 मेगावाट की चार और 500 मेगावाट की एक इकाई प्रचालन पर है। संयंत्र के सभी इकाई प्रचालन पर होने से रोजाना लगभग 22 हजार मिट्रिक टन कोयले की खपत होती है लेकिन संयंत्र में रोजाना 14 से 15 हजार मिट्रिक टन ही कोयले की आपूर्ति हो रही है जिसकी वजह से संयंत्र का कोल स्टॉक क्रिटिकल पोजिशन पर है। संयंत्र प्रबंधन द्वारा पर्याप्त कोल आपूर्ति को लेकर एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन से चर्चा की गई है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा एक दो दिनों में कोल आपूर्ति में सुधार होने का आश्वासन दिया गया है। आने वाले दिनों में अगर संयंत्र में कोल आपूर्ति में सुधार नहीं होता है तो बरसात के दिनों में प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ जाएगी। बरसात के दिनों में एसईसीएल के खदानों में कोयला उत्पादन में भी गिरावट देखने को मिलता है। वहीं गीले कोयले की वजह से भी संयंत्र प्रबंधन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**कम लोड पर विद्युत उत्पादन**

संयंत्र में रोजाना 22 हजार मिट्रिक टन कोयले की खपत होती है। संयंत्र में महज चार दिन का कोयला स्टॉक में है। संयंत्र की सभी इकाईयां परिचालन पर है जिसकी वजह से कोयले की खपत में कोई कमी देखने को नहीं मिल रही है। अगर समय रहते कोल स्टॉक में बढ़ोत्तरी नहीं हुई तो मजबूरी में संयंत्र प्रबंधन को इकाईयों को कम लोड पर चलाना पड़ेगा। वहीं दूसरी ओर कोयले की कमी की वजह से इकाईयों से विद्युत उत्पादन ठप्प होने की संभावना बनी रहेगी।

**नहीं मिल रहा पर्याप्त कोयला**

संयंत्र में पर्याप्त कोयले की आपूर्ति नहीं हो रही है। कम कोयला मिलने की वजह से स्टॉक में कोयले की कमी की समस्या बनी हुई है इसे लेकर एसईसीएल प्रबंधन से चर्चा की गई है। एक दो दिनों में कोल आपूर्ति में सुधार की बात कही गई है।

**- संजय शर्मा,** ईडी एचटीपीपी संयंत्र

## सी एण्ड डी वेस्ट पर लगाया गया अर्थदण्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सी एण्ड डी वेस्ट उठाता निगम अमला।

सड़क व सार्वजनिक स्थानों में सी.एण्ड डी.वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री डम्प किए जाने पर निगम अमले ने आज कार्यवाही करते हुए संबंधितों पर अर्थदण्ड आरोपित किया, साथ ही सार्वजनिक स्थान पर कचरा फैकने पर भी जुर्माना लगाया गया। अर्थदण्ड लगाने के साथ ही सी एण्ड डी.वेस्ट का निष्पादन कराते हुए संबंधितों को कड़ी हिदायत दी गई कि वे सी.एण्ड डी.वेस्ट एवं भवन निर्माण सामग्री को सड़क, सार्वजनिक स्थानों पर डम्प न करें। सड़क व सार्वजनिक स्थानों में भवन निर्माण सामग्री तथा सी.एण्ड डी.वेस्ट डम्प करने को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा इनके विरूद्ध सघन कार्यवाही की जा रही है, कतिपय लोगों द्वारा भवन निर्माण सामग्री सड़कों पर डम्प कर दी जाती है, साथ ही सी.एण्ड डी. वेस्ट को भी सड़क किनारे एकत्र कर दिया जाता है तथा इनका समुचित समापन उनके द्वारा नहीं किया जाता जो नियमों के विपरीत है। निगम द्वारा इस पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज शहर के तीन स्थानों पर कार्यवाही करते हुए सी.एण्ड डी.वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री डम्प करने वालों पर 15 सौ रूपये अर्थदण्ड लगाया गया तथा उन्हें हिदायत दी गई कि वे सार्वजनिक स्थान पर भवन निर्माण सामग्री व सी.एण्ड डी.वेस्ट डम्प न करें। इसी प्रकार फलोद्यान के समीप एक व्यक्ति द्वारा कचरा डालने पर भी निगम द्वारा कार्यवाही की गई तथा 5 सौ रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया। निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (सी.एण्ड डी.वेस्ट) के समुचित निष्पादन की जिम्मेदारी संबंधित निर्माणकर्ताओं की है। उनके द्वारा उत्सर्जित किए गए मलवे के समापन में निगम यूजर चार्जेज के आधार पर अपना सहयोग देगा, वहीं यदि अपशिष्ट सृजनकर्ता द्वारा स्वयं के वाहन से निर्धारित स्थल पर अपशिष्ट पहुंचाया जाता है तो कोई उपभोक्ता शुल्क नहीं लगेगा। नियमों के अनुसार निर्माण एवं भवन आदि की तोड़-फोड़ के दौरान निकलने वाले मलवे को चिन्हांकित लो लाईन एरिया अथवा नगर निगम द्वारा चिन्हाकित समापन स्थल पर निर्माण व विध्वंसकर्ता को तत्काल डालना होगा।

**खास बात**

- सी एण्ड डी वेस्ट डंप करने व कचरा फैलाने पर लगा 2 हजार का अर्थदण्ड

## एनटीपीसी ने स्वच्छता वॉकथॉन का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एनटीपीसी कोरबा ने 16 से 31 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है। पहले दिन के उत्सव की शुरुआत कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ और स्वस्थ भारत बनाने के संकल्प के साथ स्वच्छता शपथ के साथ हुई। महाप्रबन्धक (प्रचालन एंड मेंटेनेंस) अर्नब मैत्रा द्वारा जिसके बाद एनटीपीसी कोरबा टाउनशिप में प्रगति क्लब से सिल्वर जुबली पार्क तक वॉकथॉन का आयोजन किया गया। काफिले में सभी जीएम, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारी भी शामिल थे और अधिकारियों/प्रतिभागियों द्वारा एक प्रतिज्ञा दीवार पर हस्ताक्षर किए गए थे। 16 से 31 मई तक कार्यक्रमों और गतिविधियों की एक श्रृंखला निर्धारित की गई है, जिसमें सिंगल-यूज़ प्लास्टिक पर अंकुश थीम के साथ स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा।

### रेक्स मिनिरल्स की मनमानी के खिलाफ एटक ने खोला मोर्चा

**कोरबा।** एरिया के सरायपाली ओपन माइंस मे नियोजित स्टॅरेक्स मिनिरल्स ठेका कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी मनमानी तरिके से गैरकानूनी एवं अवैधानिक से कार्य को अंजाम दे रहे है इनको विभागीय सुपरवाइजरों द्वारा हिदायत देने पर उनको धमकाया जा रहा है इस संबंध मे एटक के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने कहा कि आए दिन आउटसोर्सिंग कंपनियों के ठेकेदारों के नुमाइंदों के द्वारा खदानों मे खान अधिनियम मे उल्लेखित प्रावधानों के विपरीत कार्य निष्पादन किया जाता है। उन्होंने कहा कि श्रम संगठन श्रमिकों के हितैषी है और हम चाहते हैं कि श्रमिकों के जो भी अधिकार है मिले है उस न छीना जाए दीपेश मिश्रा ने कहा कि एसईसीएल के तहत कोरबा एरिया को वित्तीय वर्ष 24-25 के लिए जो उत्पादन लक्ष्य दिया गया है वो पूरा कर सके उसके लिए एटक सहयोग करने के लिए पूरी तरह तैयार है। परंतु संगठन का प्रबंधन से अपील करती है कि श्रमिकों के हितों की उपेक्षा न करे। उन्होंने कहा कि सरायपाली परियोजना में अपने कार्य निष्पादन के दौरान कृष्ण कुमार तिवारी, ओभरमेन के साथ स्टॅरेक्स मिनरल्स ठेका कंपनी के अधिकारी अभिषेक सिंह ने जो बदसलूकी की है उसके उपर कार्यवाही किया जाए।




## गर्मी में भीड़ को देखते रेल प्रबंधन ने दी सुविधा

# यात्री ट्रेनों में अब दोनों ओर लगेगी सामान्य बोगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




एक्सप्रेस व पैसेंजर गाड़ियों में सफर करने वाले यात्रियों में सामान्य बोगी को लेकर होने वाली अफरा तफरी के माहौल देखते हुए सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की विशेष सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से एलएचबी कोचों के साथ चलने वाली सभी ट्रेनों में आगे व पीछे दोनों तरफ सामान्य श्रेणी के कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा की उपलब्धता से सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को ट्रेनों के दोनों साइड सुगम यात्रा सुविधा सुनिश्चित होगी। वर्तमान में सामान्य बोगी एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों में कहां लगेगी इसका काई निश्चित नहीं रहता। आम यात्री प्लेटफार्म में यह पूछते फिरते हैं कि सामान्य बोगी आगे लग रही है या पीछे। कई बार यात्री आगे चले जाते हैं जहां उन्हें सामान्य बोगी के पीछे की ओर लगे होने की जानकारी मिलती है, जिससे यात्रियों में हड़बड़ी मचती है। कई बार इसी अफरा तफरी में गाड़िया छूट जाती हैं। यात्रियों को सुविधा देने के उद्देश्य से एक्सप्रेस व फास्ट पैसेंजर ट्रेनों में आगे और पीछे दोनों तरफ सामान्य बोगी लगाने की सुविधा 22 मई से रेलवे ने शुरू की है।

**इन गाड़ियों में दोनों ओर लगेंगे सामान्य कोच**

- गाड़ी संख्या 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर, छतीसगढ़ एक्सप्रेस में कोरबा से 22 मई से एवं अमृतसर से 24 मई से मिलेगी।
- गाड़ी संख्या 18239/18240 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-कोरबा, शिवनाथ एक्सप्रेस में कोरबा से 23 मई से एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से 22 मई से मिलेगी।
- गाड़ी संख्या यह सुविधा 18249/18250 रायपुर-कोरबा-रायपुर, हसदेव एक्सप्रेस में रायपुर से 22 मई से एवं कोरबा से 23 मई से मिलेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 18201/18202 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से 22 मई से एवं नौतनवा से 24 मई से मिलेगी।
- गाड़ी संख्या 18203/18204 दुर्ग-कानपुर-दुर्ग, बेतवा एक्सप्रेस में दुर्ग से 26 मई से एवं कानपुर से 27 मई से मिलेगी।
- गाड़ी संख्या 12549/ 12550 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन (ऊधमपुर)-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से 28 मई से एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन (ऊधमपुर) से 30 मई से मिलेगी।

